abp न्यूज़

# गोरखपुर में सेहत से खिलवाड़! नकली मसाला फैक्ट्री में फूड विभाग की रेड, भारी मात्रा में माल जब्त




यूपी के गोरखपुर में शहर के बीचो-बीच नकली मसाले बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई है. यहां बड़े-छोटे ब्रांड के नकली मसालों को रंग और अन्य स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्वों का इस्तेमाल कर तैयार किया जा रहा था. ये नकली मसाले स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हैं. बाजार से एक्सपायर हो चुके मसाले को भी फिर से रीसायकल कर बाजार में उतारा जा रहा था. फूड विभाग की टीम ने भारी मात्रा में रंग और कच्चा माल बरामद किया है. साथ ही फैक्ट्री का लाइसेंस निरस्त कर सील कर दिया गया है.

दरअसल, गोरखपुर के खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम डॉ. सुधीर कुमार सिंह असिस्टेंट कमिश्नर फूड के नेतृत्व में राजघाट थानाक्षेत्र के मिर्जापुर में एक फैक्ट्री पर छापेमारी करने पहुंची. यहां पर टीम को फैक्ट्री संचालक अमित कुमार ने 2029 तक वैलिड अपना लाइसेंस दिखाया. फूड विभाग को पहले बाजार से एक्सपायरी मसाले वापस लेकर उन्हें फिर से रीसायकल कर तैयार करने के साथ ही रंग और हानिकारक तत्वों का इस्तेमाल कर नकली मसाले बनाने की सूचना मिली थी.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/gorakhpur-news-food-department-raid-on-fake-masala-fake-masala-factory-ann-2995929